Std. IV Hindi Lang.

समुच्चयबोधक

प्रश्न 1.समुच्चयबोधक(योजक) की परिभाषा लिखें ।

उत्तर -- जो शब्द दो शब्दों या दो वाक्यों को जोड़े , उसे समुच्चयबोधक (योजक) कहते हैं । जैसे -- राम और श्याम खेल रहे थे ।

प्रश्न 2.समुच्चयबोधक के भेदों को उदाहरण के साथ लिखें ।

उत्तर-- समुच्चयबोधक के तीन भेद होते हैं:--

1. संयोजक -- और , तथा

2.विभाजक -- परंतु , क्योंकि

3. विकल्पसूचक -- या , अथवा

प्रश्न 3.नीचे लिखे वाक्यों से योजक शब्दों को चुनकर लिखिए ।

I) मैं गणित में कमज़ोर हूँ अतः आप मेरी सहायता करें।-- अतः

II) गंगा और यमुना प्रयाग में मिलती हैं। -- और

III) गौरव समय से चला था लेकिन अभी तक पहुँचा नहीं।-- लेकिन

IV) रमेश तो आया किंतु सुरेश नहीं आया । -- किंतु

V)आप चाय पिएँगे या शरबत लाऊँ ।-- या

VI) वर्षा हो रही है इसलिए छाता ले लो।--- इसलिए

VII) खामोश हो जाओ ताकि डाँट न पड़े । -- ताकि

VIII) 'मेरा देश भारत' अथवा 'दूरदर्शन' पर निबंध लिखो ।-- अथवा

IX)नमन व नकुल ने मिलकर खाना बनाया । -- व

X)कपिल को बुला लो क्योंकि सामान खरीदना है।-- क्योंकि

प्रश्न 4. समुच्चयबोधक शब्दों से रिक्त स्थान भरिए।

1. सिमरन , महिमा ------ जया बहनें हैं ।

उत्तर --- तथा

2. कमला बीमार है ------ विद्यालय नहीं आएगी ।

उत्तर--- इसलिए

3.बबीता चली गई है----- भावना को पढ़ा सके ।

उत्तर --- ताकि

4. रोहित आया ------ मैंने उसे बुलाया था।

उत्तर -- क्योंकि

5. राम , लक्ष्मण एवं सीता वन में गए ।

उत्तर -- एवं